**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

8
26/03/21

**Ref: 133/2021**
**Dt-26-03-2021**

**अपर मुख्य सचिव,**
**गृह विभाग,**
**बिहार, पटना।**

विषयः– **मधुबनी जिला के लखनौर थानांतर्गत झंझारपुर रेलवे स्टेशन पुलिस आउट पोस्ट (OP) के भवन निर्माण के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिला के लखनौर थानांतर्गत झंझारपुर रेलवे स्टेशन पुलिस आउट पोस्ट (OP) का अपना भवन नहीं रहने से कार्य–निर्वहन में परेशानी हो रही है। यह आउट पोस्ट झंझारपुर के सन्निकट होने से यहाँ व्यवसायिक गतिविधियाँ बैंक, सरकारी कार्यालय, नव विकसित बाजार है। झंझारपुर आवागमन का प्रवेश द्वार होने से यह क्षेत्र संवेदनशील है। यह आउट पोस्ट को लखनौर प्रखंड के सात–आठ ग्राम पंचायतों के विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा का दायित्व भी है।

वैसे तो यह आउट पोस्ट थाना का दर्जा प्राप्त करने की स्थिति में है, लेकिन सघन आबादी, कार्य की अधिक्ता, संबंधित कागजात रखने की परेशानी, पुलिस–पब्लिक संबंध बनाने में जगह की कमी के कारण तत्काल पुलिस आउट पोस्ट का भवन निर्माण कराना जनहित में आवश्यक है। पुलिस बल के आवासन हेतु एक छोटा बैरक नहीं रहने से पुलिस बल खासकर महिला पुलिसकर्मी को परेशानी होती है।

अतः अनुरोध है कि लखनौर थानांतर्गत झंझारपुर रेलवे स्टेशन पुलिस आउट पोस्ट का भवन निर्माण कराने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

**शुभकामनाओं के साथ,**

भवदीय

Nitish Mishra
26.3.21

**(नीतीश मिश्रा)**

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in